भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4049
उत्तर देने की तारीख 12.12.2019

खादी संकुल

4049. डॉ. सुभाष सरकारः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पश्चिम बंगाल का बांकुड़ा जिला हाल के बजट में घोषित 100 खादी संकुलों के अंतर्गत शामिल है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन 100 खादी संकुलों के चयन के मानदंड क्या है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री नितिन गडकरी)

(क) से (ग): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय परंपरागत उद्योगों के पुनरूद्धार के लिए निधि स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है जिसका उद्देश्य खाद्य उत्पादों से लेकर हस्तशिल्प, पामगुड़ उत्पादों, आयुर्वेदिक दवाओं, लकड़ी एवं पत्थरों पर नक्काशी, खादी इत्यादि के विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीण कारीगरों की प्रतिभा, सृजनात्मकता, उद्यम को पहचानना तथा कारीगरों के लिए सतत रोजगार सृजित करने के लिए परंपरागत उद्योगों को और अधिक उत्पादक, लाभदायक और सक्षम बनाना है। इस स्कीम के अंतर्गत, खादी संबंधी क्लस्टरों सहित परंपरागत उद्योगों को स्थापित किया जाता है। औसतन, देश में प्रत्येक जिले में कम से कम एक क्लस्टर का लक्ष्य रखा जाता है।

इस स्कीम को कार्यान्वयन एजेंसियों (आईए) को जोड़कर निर्दिष्ट नोडल एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा 10 प्रतिशत का नकद योगदान (पूर्वोत्तर क्षेत्र, जम्मू और कश्मीर तथा पहाड़ी राज्यों के मामले में 5 प्रतिशत) प्रदान किया जाता है जो क्लस्टर विकास करने में उपयुक्त विशेषज्ञता सहित गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू), केन्द्रीय और राज्य सरकारों की संस्थाएं और क्षेत्रीय कार्यालय, पंचायती राज संस्थायें हो सकते हैं।

बाँकुरा जिले में प्रस्तावित क्लस्टरों सहित पश्चिम बंगाल में स्फूर्ति क्लस्टरों की सूची इसके साथ संलग्न है।

*****

अनुबंध

दिनांक 12.12.2019 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4049 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2015-16 से 2019-20 (22.11.2019 तक) पश्चिम बंगाल में अनुमोदित जिला-वार स्फूर्ति क्लस्टर

क्र. सं.	जिले का नाम	क्लस्टर का नाम	उत्पाद श्रेणी	एजेंसी का नाम	कारीगरों की संख्या	अनुमोदित लागत (रू. लाख में)
1.	मुर्शिदाबाद	बिजयपुर सिल्क खादी क्लस्टर	हस्तशिल्प	केवीआईसी	324	258.53
2.	मुर्शिदाबाद	चक इस्लामपुर खादी क्लस्टर	खादी	केवीआईसी	750	192.5
3.	नाडिया	चित्रशाली खादी	चित्रशाली खादी	केवीआईसी	251	165.67
4.	पूर्व वर्धमान	डोकरा हस्तशिल्प क्लस्टर	हस्तशिल्प	आईआईईजी	500	149.42
5.	बीरभूम	फैंशन एक्सेसरीज क्लस्टर	हस्तशिल्प	आईआईईजी	500	147.47

आईआईईजी – भारतीय उद्यमिता संस्थान, गुवाहाटी

बांकुरा जिले में स्फूर्ति क्लस्टरों की स्थापना के लिए केवीआईसी को प्राप्त प्रस्ताव

क्र. सं.	क्लस्टर का नाम	विनिर्माण के लिए रखे गए उत्पादों का नाम	लाभार्थियों की संख्या जिन्हें लाभ दिया जाना प्रस्तावित है
1	केन्द्रीय बांकुरा एकीकृत पामगुड़ क्लस्टर, सहाना पाली, जिला-बांकुरा	पाम उत्पाद (खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुएं)	806
2	रानीबंध जंगल महल सबाई लाईफ क्लस्टर, गांव एवं डाकखाना-रानीबंध, जिला-बांकुरा	फाइबर आधारित हस्तशिल्प वस्तुएं	350